an>

Title: Need to start construction work of Metro Rail connecting Pune-Pimpri-Chinchwad city in Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र के पुणे-पिम्परी-चिंचवाड शहर को जोड़ने वाली मेट्रो परियोजना के लिए पिछली केन्द्र सरकार ने अक्टूबर, 2013 में मान्यता दी, लेकिन रेल विभाग की तरफ से इस परियोजना में कमियां निकालकर इस परियोजना को लटकाया जा रहा है। महाराष्ट्र का पुणे-पिम्परी-चिंचवाड शहर जनसंख्या के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रोथ करने वाला शहर है। देश के अन्य शहरों में जनसंख्या के हिसाब से जितने टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर हैं...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : शून्य काल में पढ़ते नहीं हैं, आप कोशिश करें कि आप अपनी बात उठाएं। मैं केवल सलाह दे रही हूं कि ऐसी कोशिश करिए।

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे : महोदया, पुणे-पिम्परी-चिंचवाड शहर में इसके कारण पेट्रोल-डीजल की ज्यादा खपत से देश का आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। इस साल के बजट में, वर्ष 2014 में नागपुर में मेट्रो रेल की घोषणा हुई।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नागपुर में मेट्रो रेल की घोषणा हुई है।

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे : महोदया, घोषणा होते ही उसका भूमिपूजन हुआ है। पुणे-पिम्परी-चिंचवाड शहर देश में सबसे ज्यादा ग्रोथ करने वाला शहर है। इस परियोजना को जल्दी से जल्दी चालू करने के लिए सरकार को निर्देश दीजिए और इस परियोजना को चालू कराइए।